Jumbo Jet was forced to an emergency landing at London Heathrow airport;

(b) what was the condition of emergency shutes which caused in juries; and

(c) what action has been taken by Government in this regard?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OP CIVIL AVIATION (SHRI JAGDISH TYTLER): (a) 51 passengers and one airhostess received minor injuries

(b) and (c) The friction injuries were caused not due to the condition of shutes but occured when passengers slided down the shutes.

बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय की कार्यकारिणी के सदस्यों द्वारा त्यागपत्र दिया जाना

764. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय की कार्यकारिणी के सदस्यों ने अपने त्यागपत्र दिये हैं, यदि हां, तो उनके नाम क्या हैं तथा उसके क्या कारण हैं, और

(ख) क्या यह भी सच है कि उपर्युक्त विश्वविद्यालय की कार्यकारिणी में कुछ पद रिक्त पड़े हैं, यदि हां तो ऐसे पदों की संख्या कितनी है और उनके कब तक भरे जाने की संभावना है ?

शिक्षा और संस्कृति विभागों में राज्य मंत्री (श्रीमती सुशीला रोहतगी) : (क) और (ख) बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के अधिनियम और संविधियों के अनुसार विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद में एक कुलपति और आठ अन्य सदस्य हैं । परिषद के सभी आठ सदस्य जुलाई, 1985 में नियुक्त किए गए थे । इन सदस्यों में से प्रो० (श्रीमती) एन० राजम प्रोफेसर, निष्पादन कला संकाय, ने जनवरी, 1986 में अपनी सदस्यता से त्यागपत्र दिया था क्योंकि उन्होंने महसूस किया कि वे परिषद की सदस्यता तथा अपने अनुसंधान संबंधी वचनबद्धताओं के साथ न्याय नहीं कर सकेंगी । उनके स्थान पर अन्य व्यक्ति की नियुक्ति अभी होनी है । विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद में इस समय और कोई रिक्त स्थान नहीं है ।

मगध एक्सप्रेस का मार्ग

765. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या **परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को ऐसी कोई मांग प्राप्त हुई है जिसमें यह मांग की गई है कि मगध एक्सप्रेस को मिर्जापुर की बजाय वाराणसी से होकर चलाया जाये और यह वाराणसी पर भी रुके, और

(ख) यदि हां, तो सरकार इस सम्बन्ध में क्या कार्यवाही कर रही है ?

रेल विभाग में राज्य मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) जी, हां ।

(ख) प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया गया है क्योंकि यात्रियों का यात्रा समय बढ़ जायेगा और उन्हें अधिक किराया देना पड़ेगा ।

Circular Railway for Hyderabad and Secunderabad

766. SHRI VIJAYA MOHANA REDDY: Will the Minister of TRANSPORT be pleased to state:

(a) whether there is any proposal under Government's consideration for the construction of a circular railway line to meet the traffic "requirements of the twin cities of Hyderabad and Secunderabad; and

(b) if so, what are the details in this regard?